कार्यालय सदस्य सचिव/उप परियोजना निदेशक
जिला जलागम परियोजना प्रबन्धन इकाई, पौड़ी प्रभाग (कोटद्वार)

Email Id:- dpdpauri@gmail.com

पत्रांक **178** / (PMKSY नियुक्ति–2)/ पौड़ी /2025–26/ दिनॉक **16/09/2025**

।। अनुबन्ध पर नियुक्ति सम्बन्धी विज्ञप्ति ।।

जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के माध्यम से संचालित की जा रही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जलागम विकास घटक 2.0 परियोजना के अन्तर्गत कार्यालय उप परियोजना निदेशक, PMKSY WDC 2.0 पौड़ी प्रभाग, कोटद्वार में कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)–03 पद, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर सहायक–02 तथा कार्यालय सहायक–01 (पी0आई0ए0 स्तर) के कुल छः (06) पद रिक्त है, जिन्हें अनुबन्ध के आधार पर भरा जाना है, अनुबन्ध की अवधि 11 माह की होगी।

जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा स्वीकृत टी0ओ0आर0 में उल्लिखित निर्धारित योग्यता धारित इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, कोरियर अथवा दस्ती रुप से निम्नलिखित पते पर दिनांक 08.10.2025 सांय 4.00 बजे तक प्रेषित/जमा किये जा सकते है। विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें।

आवेदन मे दी गई अर्हता के साथ स्वप्रमाणित वांछित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारुप एवं टी0ओ0आर0 जलागम प्रबन्ध निदेशालय की वैबसाईट www.wmduk.gov.in से अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्यालय दिवस में दिनांक 08.10.2025 अपराह्न 2.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

कार्यालय का पता :– उप परियोजना निदेशक,
PMKSY WDC 2.0 कोटद्वार (पौड़ी प्रभाग),
कण्डारी कॉलोनी, कोटद्वार

(डॉ0 डी0एस0 रावत)
उप परियोजना निदेशक/सदस्य सचिव
पी0एम0के0एस0वाई0
पौड़ी प्रभाग (कोटद्वार)